## प्रेस–नोट

## अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश

(30 अक्टूबर 2020, लखनऊ)

***"कोविड–19 के बाद उत्तर प्रदेश तेजी से भारत के प्रमुख आर्थिक केन्द्र के रूप में उभर रहा है"***

***"निवेशकों की सुविधा हेतु उत्तर प्रदेश सरकार ने 52 प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं का सरलीकरण किया"***

***"कोविड–19 कालखण्ड के बाद के परिदृश्य में निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार ने घोषित की हैं अनेक निवेशोन्मुख नीतियां"***

***"राज्य सरकार द्वारा किए गए नीतिगत् सुधारों के सकारात्मक परिणाम मिलने प्रारम्भ हो गए हैं"***

***"भूमि आवंटन से सम्बंधित महत्वपूर्ण सुधारों के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश में बड़ी निवेश परियोजनाओं हेतु द्वार खुल गए हैं"***

***"विगत् 6 माह में उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास प्राधिकरणों द्वारा 6,700 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं के लिए 326 भूखंडों का आवंटन किया गया"***

***"मेक–इन–यूपी को प्रोत्साहित करने के लिए एक्सप्रेसवेज़ के किनारे कई औद्योगिक पार्कों के विकास की योजना है"***

***"कोविड–19 के बाद 14,900 करोड़ रुपये के निवेश–प्रस्तावों को वास्तविक परियोजनाओं में परिवर्तित कर उत्तर प्रदेश सरकार अब तक 43 प्रतिशत् हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का कार्यान्वयन करवाने में सफल हुई है"***

***"कोविड–19 कालखण्ड के बाद बदलते हुए बाजार परिदृश्य में राज्य सरकार ने नई परिस्थितियों के अनुरूप कदम उठाए हैं, अब नए सेक्टरों पर फोकस किया जा रहा है"***

***"विभिन्न संस्थागत सुधारों से उत्तर प्रदेशमें निवेश प्रक्रिया सरल व सुगम हुई है"***

***"अनेक राष्ट्रीय एवं विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा उत्तर प्रदेशमें 45,000 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित"***

उत्तर प्रदेश सरकार नए रोजगार के अवसरों के सृजन एवं राज्य के निवासियों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए राज्य में औद्योगीकरण–जनित विकास हेतु महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। राज्य में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा हाल ही में उठाए गए कुछ कदम इस प्रकार हैं–

### व्यावसायिक सुगमता (ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस)

- भारत सरकार के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा हाल ही में घोषित बिज़नेस रिफॉर्म ऐक्शन प्लान रैंकिंग में उत्तर प्रदेश की रैंकिंग, राज्य में ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस में हुई उल्लेखनीय प्रगति का स्पष्ट प्रमाण है। उत्तर प्रदेश ने पिछले 3 वर्षों में 12 स्थानों की अभूतपूर्व प्रगति करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

